BENGALURU
7 से 21 दिसम्बर, 2023
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड

SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र
*presents*

# Uni World 3rd Edition

a unique destination for all uniform solutions

# UNIFORM FABRIC & GARMENT EXPO

## 8 9 January 2024
## BENGALURU

**Meet Uniform Fabric & Garment Manufacturers From all over India**

All Type Uniform Fabrics
Uniform Garments | Knitted Fabrics
Uniform Saree & Suits | Uniform Accessories






**Pre Registration**
**FREE ENTRY**

textileworld.org
To visit EXPO

## Exhibitors

Mafatlal, Sparsh-Fab Fabrics (Thoughtful Uniforms), Siyaram's Unicode, Darshan Valji, S.Kumars (The Fabric of India, Since 1948), Armeelon (Uniform Shirtings), Bansi fashion pvt. ltd., BSL, Jagdamba (Jagdamba Textiles Pvt. Ltd.), Gangotri, KaKa Uniforms, MukutMani, Sangam Suitings (You are what you wear), Swaraj (Suiting & Shirting), Raghav (Premium Suiting), bajaj, Reliable (Uniforms Redefined), Gtiline (Suitings & Shirtings), Sketcher's Uniform, MD Creation, Rodas (Suitings & Garments), HS (Hem and Stitch), Puja Suitings, True Color (Uniforms & Speciality Fabrics), 21st Century Topman (Premium Suiting), Ankur (Uniform & Speciality Fabric), shalimar, Fizzical India, DAC'S INC (Uniform Experts), REX, Hosiery Works, Vastra Mahal, H S Uniform

**Registration Partner**
Sparsh-Fab Fabrics — THOUGHTFUL UNIFORMS

**Organizer**
SSS Media Publications Pvt. Ltd.

**Supported by**
WCMA Bangalore-53, Estd : 1931
Karnataka Hosiery & Garment Association, Bangalore

**Venue**
## Princess Golf
Gate no. 9, Palace Ground
## Bengaluru

**INQUIRY :** 80035 96092 | 80056 60394
80035 96091 | 80035 96097 | 80035 96090
uniworld.tw@gmail.com | textileworldtw@gmail.com   www.textileworld.org

# LOOM TO LEGACY: D. BADAMI




**Mumbai/** Step into the world of D. BADAMI Fashion Connection, where innovation is not just a buzzword but a way of life. Their story is one of passion, craftsmanship and a commitment to shape the future of Mens Shirting Fabrics. Recognized as pioneers in the industry D.BADAMI has left an indelible mark by introducing fabrics that transcend trends and set new standards.

The journey of D.BADAMI is one of evolution, embracing the legacy of their parent company, Dhingar Silk Mills Private Limited. Over a span of three decades, they have been dedicated to crafting high-quality shirting fabrics, weaving stories of style and innovation into every thread.

D. BADAMI is not just a manufacturer, they emerge as trendsetters, architects of change in the World of Men's Shirting Fabrics. Their journey is marked by the creation of many iconic fabrics. Noteworthy among them are Popcorn and Melange Digital not mere names but living proof of foresight and ability to lead industry trends.What began as an exploration of technology-led transformation has evolved into a legacy of fabrics that have become industry benchmarks.

Delving into the finer nuances of technology-led transformation, D. BADAMI are constantly on the look out for innovative technologies. Their commitment to remaining at the forefront of technological advancements is not just a choice, it's an integral part of their DNA. This dedication is reflected in every fabric they produce, pushing the boundaries of what can be achieved.

At the core of D. BADAMI's design philosophy is a vibrant dialogue with the dynamic pulse of youth. Their designs aren't just patterns on fabrics, they articulate expressions of young, creative minds deeply attuned to the people and the market around them. This approach guides them through a landscape where creativity knows no bounds. The design process is a journey that begins with analysis of future trends to generate ideas. They don't just follow trends, we anticipate them.

Innovation thrives in diversity and D. BADAMI's team is a perfect blend of seasoned founders and young minds. This harmonious mix creates an environment where experience meets fresh perspectives, fostering enhanced innovation and idea generation. It's this synergy that sharpens their competitive edge and propels them into uncharted territories of creativity.

D.BADAMI extends an invitation to experience the future of Mens Shirting Fabrics—where tradition meets innovation and every thread is woven with care and dedication. At D.BADAMI, they don't just offer fabrics, they offer a narrative of excellence and creativity, shaping the very essence of textile innovation. To delve deeper into the world of innovation and craftsmanship, visit www.group.dbadami.com witness the stories behind each fabric and immerse your self in the passion that drives D. BADAMI.







पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 09-12-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-26 अंक-12 भीलवाड़ा/ 07 दिसम्बर, 2023 कुल पृष्ठ- 14 मूल्य : 25 रुपए 1



















# रिटेल कारोबार में आए सुधार के बाद थोक कपड़ा बाजार में अच्छे कारोबार की उम्मीद

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय...** रिटेल कारोबार में आए सुधार के बाद थोक कपड़ा बाजार में अच्छे कारोबार की उम्मीद की जा रही है। 15 दिसम्बर तक देशभर में शादियों की भरमार तथा सर्दी का मौसम होने से सभी किस्म के कपडों में ग्राहकी थोड़ी बढ़ी है। लेकिन थोक कारोबार की स्थिति में ऐसा कोई सुधार नहीं दिखाई दिया है, जो इस दौरान होना चाहिए। चिंता की बात यह है कि जहाँ कपड़ों में चौतरफा अच्छा कारोबार होने के बदले बाजार में ग्राहकी नहीं है। वहाँ देसावरी मंडियों की मांग धीमी है। कपड़ा और यार्न दोनों के भाव घटे है, तीव्र आर्थिक संकट से कारोबारी परेशान है। कमजोर सेंटीमेंट से कपड़ा बाजार में कारोबार बढ़ने के बदले घटा है।

थोक कपड़ा बाजार में कारोबारी गतिविधियां दीपावली की छुट्टी के बाद फिर से शुरू हो गई है। पुराना फिनिश माल अधिक होने के कारण बिकवाली का दबाव बाजार में पहले से ही था, लेकिन निर्यात कारोबार घटने से स्थानीय बाजार में यह दबाव अधिक है। कारोबारी ऑर्डर देने और डिलिवरी लेने में बहुत सतर्क हो गए है। इस वैवाहिक सीजन में करीब एक माह में शादियों के अनेक मुहूर्त होने से कारोबार की उम्मीद बढ़ी है। क्योंकि दीपावली से पहले कपड़ा और गारमेंट की बिक्री में जबरदस्त बढ़त के बाद कारोबारियों का अनुमान है कि अब 15 दिसम्बर तक इसमें और वृद्धि होगी, लेकिन ऐसा कुछ होता नहीं लग रहा है। यदि कपड़ा बाजार में कामकाज कम होता है तो इसका व्यापक असर यार्न और कपड़ा उत्पादन इकाइयों से लेकर प्रोसेस इकाइयों एवं संबंधित कार्य पर पड़ता है। आमतौर पर दीपावली के बाद जैसे ही वैवाहिक सीजन की शुरूआत होती है,वैसे ही कपडा बाजार में ग्राहकों की जोरदार खरीदी शुरू होने से देसावरी मंडियों के व्यापारी भी अधिक सक्रिय होकर नये उत्पादों को लेने के लिए बाजार का रूख किया करते थें, लेकिन इस बार कम ग्राहकी और पुराने स्टॉक अधिक होने के कारण देसावरों के कारोबारी ऑनलाइन पैटर्न और डिजाइन देखकर ऑर्डर दे रहे हैं। इस कारण देसावरी मंडियों के व्यापारी बाजार में कम आ रहे हैं। ग्रे कपडों की बिक्री कम होने से उत्पादन धीमा है। प्रोसेस हाउसों में ग्रे की भरमार है, लेकिन प्रोसेस के लिए प्रोग्राम नहीं है। व्यापारियों के गोदामों में ग्रे कपड़ों का ढेर है। फिनिश सूटिंग-शर्टिंग में कारोबार कम होने और तैयार स्टॉक अधिक होने के कारण अब सूटिंग प्लेन और डिजाइन में प्रति मीटर आठ से दस रू. और शर्टिंग दो से चार रू. तक भाव घटाए गए है। स्पन X स्पन सूटिंग में भी इसी तरह भाव घटे है। शर्टिंग की फैंसी और प्रिंटेड वैरायटी में पिछले माह तक कारोबार अच्छा था,लेकिन उसके बाद इसमें भी ग्राहकी कमजोर हो गई और भाव घटाने पड़े हैं। पॉलिएस्टर ट्विल एवं रेयॉन के चलने की धारणा है।

बेमौसम बारिश से कपास उत्पादक राज्यों में फसल को नुकसान होने की खबरें मिल रही है। इस कारण कपास की आवक में भारी वृद्धि एवं जिनरों का कामकाज सुधरने के बाद यदि बाजार में कपास की आवक कमजोर पड़ती है, तो रूई की आवक बढ़ने से जो भाव घटे है, उनमें भी बदलाव की आशंका व्यक्त की जा रही हैं।

शेषांश पृष्ठ 6 पर....

































# चुनावी नतीजों के बाद औद्योगिक प्रतिष्ठान लौटे पटरी पर

## सूटिंग फिनिशिंग में बालोतरा का प्रभाव बढ़ा

**बालोतरा / लालचंद पुनीत**

चुनावी परिणामों का इंतजार, वैवाहिक कार्यक्रमों की भरमार के साथ आकस्मिक बरसात के कारण श्रमिकों के लौटने की रफ्तार अभी तक बनी नहीं है। श्रमिकों के अभाव में औद्योगिक प्रक्रियाएं चाहे वो धुपाई, रंगाई, पेंडिग व फर्निशिंग की हो, सभी सुप्तावस्था में है। इनके पुनः लौटने पर ही कार्य प्रक्रिया में जाान आ सकेगी । वर्तमान में जिन प्रतिष्ठानों के पास माल तैयार है उनको पैकिंग के साथ ट्रांसप्रोटर्स तक पहुँचाने में भी भारी दिक्कतों से रूबरू होना पड़ रहा है। माना कि सर्दी प्रारम्भ की इस ऋतु में भी पोपलीन की अच्छी मांग बनी हुई है। डिमाण्ड की दृष्टि से रेयॉन, नाइटी, अस्तर, पॉकेटिंग, अंडर स्कर्ट (पेटीकोट) आदि की चालानी भले ही बहुत कम हो, परन्तु डिमाण्ड निरंतर जारी है। ग्रे कपड़ों के सौदे फिलहाल नही हो पा रहे हैं, कारण ग्रे बाजार अभी स्थिर स्थिति में है और तेजड़िये आगे तेजी की बात कर रहे है। इसी क्रम में मंदडिये बाजार में नगण्य ग्राहकी के अनुरूप मंदी आने की बात दोहराते हैं।

एक नामचीन उत्पादक से पूछा कि आप ग्रे क्लॉथ की खरीदी क्यों नहीं करते तो इस पर उन्होंने बताया कि वैसे भी अभी तैयार पड़ा माल इतना है, जिनका उठाव बहुत धीमा चल रहा है। ऐसी स्थिति में बाजार स्थिर ही बने रहने की संभावना है, फिर संभवतः कोई क्यों अकारण ब्याज का नुकसान भुगते। जब जरूरत होगी तभी माल ले लेंगे। वैसे ग्रे क्लॉथ के भाव जब तक ज्यों के त्यों रहेंगे। बाजार का माहौल भी हिचकोले खाता रहेगा। एक अनुभवी औद्योगिक प्रवक्ता ने बताया कि वस्त्र रंगाई-छपाई उद्योग की गति तो चलती रहेगी। उद्योग विषम परिस्थितियों में भी अपने हौसलों व हिम्मत के बल पर अपने को कायम रखने में सफल रहा। व्यापारिक व अन्य परिस्थितियाँ बदलती रहती है। अभी इस उद्योग में नाणा भीड़ व श्रमिक समस्या का बोलबाला है। आज भी देखते हैं कि उत्पादक अपने प्रतिष्ठानों के विस्तार के संदर्भ में नई मशीनें लगाने में प्रयत्नशील है, इससे लगता है इस क्षेत्र के इस उद्योग की ओर विकसित होने के दिन दूर नहीं है। निकटवर्ती रणछोड़राय खेड़ तीर्थ के आकर्षक और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होने पर आयोजित मेले में श्रद्धालुओं ने शानदार भक्ति के रंग को जमाया। इसी भांति जसोल धाम के सुसज्जित होने के बाद भारी भीड़ दर्शनार्थियों की लगी रहती है। आस्था का सैलाब यहाँ स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। पोपलीन नगरी में भले ही पोपलीन के विभिन्न उत्पादों के माध्यम से ख्याति अर्जित की मगर अब इस क्षेत्र में अन्य उत्पादों ने भी शोहरत के साथ कामयाबी प्राप्त की है। गारमेण्ट क्षेत्र से जो जुड़े हुए हैं उनके साथ अच्छा नेटवर्क बनता जा रहा है। प्रसिद्ध उद्यमी श्री नन्दलाल गुप्ता ने बताया कि सूटिंग की फिनिशिंग में बालोतरा का दबदबा है और निकट भविष्य में सूटिंग-शर्टिंग निर्माण में यहाँ का नाम भी गुडविल के साथ लिया जाना निश्चित है।

प्रतीक्षा की घड़ियाँ समाप्त होकर चुनावी नतीजों ने एक नया परचम फहराया। जातिगत समीकरणों से जो अंदेशा लगाया जा रहा था वह निर्मूल रहा। अभिनव चेतना की लहर ने नया अध्याय लिख दिया। पूर्व विधायक के वर्चस्व व कार्यकलापों की संस्तुति के मध्य जो आशंका थी वह जादू की भांति परिवर्तित हो गई और पचपद्रा विधानसभा क्षेत्र से श्री अरुण चौधरी को विजय होने का अवसर मिला। जीत के पश्चात श्री चौधरी ने जन भावनाओं की पूरी कद्र करने की हिमाकत के बारे में अपने उद्‌गार प्रकट किये। चौधरी ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में पुरजोर योगदान देने की बात कहकर जनमानस के मनोबल को बढ़ाया। अप्रत्याशित विजय के फलस्वरुप नव निर्वाचित विधायक का स्थान-स्थान पर जुलूस के साथ भव्य अभिनंदन किया गया।




# दिसम्बर की शुरुआत में ग्राहकी सिमटी

**मुजफ्फरनगर/अजय कुमार सिंघल**

नवम्बर में त्यौहारी एवं लग्न साया की तूफानी बिक्री के बाद, एक माह के लग्न साया मुहूर्त न होने की आहट से मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ सहित पश्चिमी उत्तरप्रदेश की प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में बिक्री में गिरावट का असर साफ-साफ दिखाई देना शुरू हो गया है। अब रिटेल में मुख्यतः लग्न साया की बिक्री से अलग केवल गर्म कपड़ों की बिक्री है।

बाकी आमतौर से साड़ी, पैंट-शर्ट, लेडीज सूट, ड्रेस, हैंडलूम्स की बिक्री मध्यम होने लगी है। गर्म कपड़ों में कम्बल, लोई, जर्सी, जैकेट, कुर्ती आदि की बिक्री अच्छी खासी है, फास्ट बिकने वाली आइटम लुधियाना में शॉर्ट हो गई हैं।

मुज्जफरनगर के प्रतिष्ठित व्यापारियों में श्री विनोद डाबर, श्री हितेश डाबर, श्री मनोहर लाल, श्री घनश्याम पालीवाल, श्री अशोक छाबड़ा, श्री अमित सिंघल, श्री आशीष सिंघल, श्री संजीव गोयल, श्री सुदर्शन खरबंदा, श्री पवन बत्रा, श्री वैभव खन्ना, श्री के पी त्यागी, श्री लक्ष्मण रस्तौगी, श्री अमृत राठी, श्री देवेन्द्र गर्ग, श्री भूषण जैन के अनुसार आने वाले एक माह तक काम मध्यम रह सकते हैं।




# वैवाहिक सीजन से ग्राहकी जबरदस्त

**ब्यावर/अनिल डोसी**

शादी-ब्याह सीजन के चलते मार्केट में अच्छी ग्राहकी चल रही है। सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस मटीरियल, सलवार सूट्स, साड़िया, फैंसी ब्लाउज पीस, प्रिन्ट वुली, राजपूती ड्रेस, कॉटन प्रिन्ट का चलन बढ़ गया है। इसके अलावा टेरी रूबिया, पोपलीन, ब्लाउज पीस तथा रेडीमेड ब्लाउज पीस की भी अच्छी डिमाण्ड है। पेमेण्ट की आवक ठीक है।

# लग्न सराय शुरू : शोरूमों में जबरदस्त ग्राहकी

**निजामाबाद/ जुगल किशोर झँवर**

दीपावली निकलते ही लग्न सराय शुरू हो गई है। अतः शोरूमों में जबरदस्त ग्राहकी थी एवं दीपावली और अमावस्या को भी भरपूर ग्राहकी थी। कारण जिन घरों में विवाह है उन लोगों ने थोड़ी खरीदी पहले करके शुभारंभ कर दिया था, दूसरी बात यहाँ का मुख्य त्यौंहार दशहरा था।

अभी तेलंगाना में चुनावी माहोल है। अतः गाँवों में सब चुनावों में व्यस्त हैं जिससे व्यापार पस्त है। 50000 रू. से ज्यादा कैश लाने पर पाबंदी है, उससे भी होलसेल व्यापार पर बहुत प्रभाव पड़ा है। हालांकि व्यापारियों के पास पेमेण्ट भी आ रहा है, परन्तु काम नहीं करने से यह पैसा खाने-पीने में जा रहा है।

दशहरा सीजन पर गाँवों में ग्राहकी बिल्कुल नहीं चली, क्योंकि गाँव वाले रिटेलर माल लेकर गये थे वो उनके पास रह गया । कुछ रिटर्न आया तो कुछ लग्न सराय में बेचने लगे हैं। होलसेल में हैण्डलूम आइटम अस्तर ऐसे ही जनरल आइटम बिक रहे हैं। शोरूम में ब्लाउज पीस, पेटीकोट भी बहुत कम रेट में देने से पॉपलीन ब्लाउज की ब्रिकी पर भी असर पड़ा है। पाली की टिपटॉप क्वालिटी 50 PG का बंडल 800 से 900 में बेच रहे हैं। जो लेन-देन में काम आता है वह लोगों के घर में स्टॉक हो रहा है, जो है वो उनकी शोरूम में ग्राहकी है जिनसे उनका व्यापार अच्छा चल रहा है।







# वस्त्र व्यापार संघ का 75वाँ स्थापना वर्ष और स्नेह मिलन आयोजित


**उदयपुर/ नवीन कोठारी**


वस्त्र व्यापार संघ का 75वाँ स्थापना वर्ष एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह पिछले दिनों तारक जैन गुरू ग्रन्थालय में आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि चेम्बर ऑफ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन के अध्यक्ष श्री पारस सिंघवी व विशिष्ट अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष श्री हिम्मत बडाला, दिल्ली राजस्थान ट्रांसपोर्ट के मैनेजर श्री रतन कुमार वागडी थे। समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंघवी ने कहा कि इस बदलते परिवेश में व्यापारी एकता की महत्ती आवश्यकता है। किसी व्यापारी पर विपदा आए तो हमें उसका उपहास नही उड़ाना चाहिए, बल्कि उसकी सहायता करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। समारोह में अध्यक्ष श्री मदनलाल सिंघटवाडिया ने संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। सचिव श्री वेदप्रकाश अरोड़ा ने संघ के अब तक किए कार्यो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश पोरवाल ने आय-व्यय का ब्योरा दिया। कार्यकारी अध्यक्ष श्री बड़ाला, उपाध्यक्ष श्री सतीश पोरवाल, सह मंत्री श्री अरूण लुणदिया ने विचार व्यक्त किए व संचालन श्री लुणदिया ने किया ।

# इस सीजन मार्केट में प्रिंट साड़ी और जरी बेस की डिमाण्ड जबरदस्त

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार इस समय अच्छा चल रहा है क्योंकि अभी हरियाणा में वर्षा हो रही है। इस समय मोटा कपड़ा जैसे कम्बल, लोई, जैकेट, टोपे, लोअर इत्यादि रेडीमेड में ग्राहकी अच्छी है। विजय साड़ी शोरूम नारनोल के यहाँ साड़ियों की ग्राहकी होलसेल में सूरत की प्रिंट साड़ियां एवं जरी बेस की डिमाण्ड अच्छी है। रिटेल व्यापारी को साड़ियां एक से एक डिजाइंस की दे रहा हैं। अभी मार्केट में 200 रू. से 1000 रू तक एक से एक डिजाइंस दे रहा है। बुकिंग अच्छी चल रही और पेमेंट की आवक बराबर जारी है। संजय गारमेंट महेन्द्रगढ़ के यहाँ रेडीमेड की ग्राहकी अच्छी है। इस समय मार्केट में सूटिंग जैसे प्राइमरा, जेल ब्रो, जय करणी, सम्बोधी, बी.डी.सूटिंग्स सर्वेकोम हमारें यहाँ इस नाम से सूटिंग्स की डिमाण्ड बनी हुई है। आगे मार्केट चलने की पूरी उम्मीद है। इस समय शर्ट व पेंट के जोड़े की डिमाण्ड मार्केट में अच्छी है। आगे बाजार में ग्राहकी अच्छी चलने की पूरी उम्मीद है।



# आईसीएसी ने घटाए कॉटन उत्पादन अनुमान


**नई दिल्ली/राजेश शर्मा...** इंटरनैशनल कॉटन एडवाईजरी कमेटी (आईसीएसी) ने अपने दिसम्बर के अनुमानों में विश्व में कॉटन के उत्पादन में कमी और खपत में वृद्धि होने की संभावना जताई है लेकिन इसके बावजूद कहना है कि भाव में किसी प्रकार की तेजी की संभावना नहीं है और पूर्व अनुसार ही रहेंगे। कमेटी ने अपनी हाल ही में जारी दिसम्बर की रिपोर्ट में विश्व में कॉटन के उत्पादन में नवम्बर की तुलना में 5 लाख टन की गिरावट की आशंका व्यक्त की है। इसका कहना है कि 2023-24 में अब उत्पादन का अनुमान 249.13 लाख टन हो सकता है। उल्लेखनीय है कि 2022-23 में विश्व में कॉटन उत्पादन 248.44 लाख टन और 2021-22 में 252.46 लाख टन था। कमेटी ने अपने अनुमानों में फ्रैंको-अफ्रीकन देशों में कॉटन के उत्पादन में कमी आने की आशंका व्यक्त की है। बुर्किना फासो, बेनिन, कैमरुन, चाड़, माली आदि में उत्पादन नवम्बर की तुलना में कम हो सकता है। कमेटी के अनुसार हालांकि पाकिस्तान में भी उत्पादन पूर्वानुमान की तुलना में कम हो सकता है लेकिन इसके बावजूद गत 5 वर्ष के औसत से अधिक होगा। तुर्की में भी उत्पादन कम होने की आशंका है लेकिन अन्य देशों अमेरिका, चीन, आस्ट्रेलिया, भारत आदि में पूर्वानुमान अनुसार ही हो सकता है।

**खपत बढ़ी-** इसका कहना है कि 2023-24 में विश्व में कॉटन की खपत इसके नवम्बर के अनुमानों की तुलना में लगभग 5 लाख टन बढ़कर 239.5 लाख टन हो सकता है। वर्ष 2022-23 में खपत 236.77 लाख टन और 2021-22 में 258.43 लाख टन थी। चीन में कॉटन की खपत में पूर्व की तुलना में कुछ सुधार हो सकता है हालांकि कुल मिलाकर चीन में कॉटन की खपत गत वर्ष की तुलना में कम ही रहेगी। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान, तुर्की और अर्जेण्टिना में भी कॉटन की खपत में कुछ वृद्धि हो सकती है। कमेटी के अनुसार 2023-24 में विश्व में कॉटन का निर्यात कारोबार लगभग 90 लाख टन हो सकता है जबकि 2022-23 में यह 80.59 लाख टन और 2021-22 में 97.34 लाख टन था। हालांकि कॉटन के उत्पादन या सप्लाई में कमी के कारण कॉटन के भाव में तेजी आनी चाहिए लेकिन कमेटी का अनुमान है कि इस वर्ष भाव में कोई खास उतार-चढ़ाव नहीं आएंगे और काटलुक ए-इंडैक्स 90-95 सेंट के बीच ही घूमता रहेगा।




















For Agent/Dealer/Franchise store enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747
Write to: helloburgoyne@wfbindia.com | AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS

Follow us on /@Burgoyneindia | www.burgoyne.co
**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912



# टेक्सटाइल व्यवसायी श्री अशोक कोठारी के रूप में भीलवाड़ा को मिला नया विधायक

**भीलवाड़ा/ दुर्गेश शर्मा**

श्री अशोक कोठारी का राजस्थान विधानसभा के हाल में संपन्न चुनावों से पूर्व राजनीति से कोई वास्ता नहीं था। उनकी पहचान यह थी कि वे टेक्सटाइल और प्रॉपर्टी के व्यवसाय में हैं और गौसेवा के प्रति उनका भामाशाह भाव रहता है। उन्हें भीलवाड़ा की जनता ने ही आग्रह करके निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में खड़ा कर दिया और केवल 31 दिन में सरल स्वभाव का यह समाजसेवी गौसेवक श्री अशोक कोठारी भीलवाड़ा का विधायक बन गया।

जब श्री कोठारी ने शहर के कुछ महत्वपूर्ण महानुभावों के बारंबार आग्रह पर चुनाव लड़ने के लिए हामी भरकर स्वीकृति प्रदान करदी तो फिर परिवार जनों और निकट मित्रों के कहने पर भी उन्होंने फैसला बदलकर पीछे मुड़ने से इंकार कर दिया। उन्होंने अपने निर्णय पर अडिग रहते हुए स्पष्ट कर दिया कि मेरी मनसा से मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूँ, लेकिन सब लोगों के आग्रह पर मैंने एक बार सहमति दे दी तो मैं उनके प्रति वचनबद्ध हो गया हूँ। अपने द्वारा दिए गए वचन से मुख मोड़ना मुझे गवारा नहीं है, चाहे चुनाव परिणाम कुछ भी हो। इसलिए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में होने वाली जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा कि मैंने तो आगामी पाँच वर्ष भीलवाड़ा की जनता की सेवा करने और शहर के विकास के लिए कार्य करने का मन बना लिया है, चाहे चुनाव में जीत मिले या हार।बतादें कि विगत तीन बार से भीलवाड़ा सीट भाजपा के कब्जे में हैं, चाहे प्रदेश में कोई भी सरकार रही हो। भीलवाड़ा को भाजपा गढ़ मानने वाली जनता ने कांग्रेस को दूसरे और भाजपा को तीसरे स्थान पर धकेल कर निर्दलीय श्री अशोक कोठारी को विधायक चुना है, जो भीलवाड़ा के लिए नए इतिहास के लेखन जैसा है। जबकि कोई प्रत्याशी कमजोर नहीं था। कांग्रेस के श्री ओम नाराणीवाल का वर्चस्व मिलनसार और पूर्व नगरपरिषद चेयरमैन होने के नाते और भाजपा के श्री विट्ठलशंकर अवस्थी लगातार तीन बार यहाँ के विधायक रहने के नाते दोनों ही पार्टियों के बहुत मजबूत प्रत्याशियों से श्री कोठारी का मुकाबला था।

श्री अशोक कोठारी की रिकॉर्ड जीत के बारे में इतना तो शायद किसी ने नहीं सोचा था, लेकिन श्री रवि जाजू और श्री गणेश प्रजापति के माध्यम से उन्हें संपूर्ण विचार परिवार का समर्थन जगजाहिर था। हरिशेवा धाम के महन्त सहित कई संतों-महन्तों का समर्थन और आशीर्वाद उनको मिला। भाजपा के कद्दावर नेता श्री लक्ष्मी नारायण डाड, श्री भगवान सिंह, श्री लादूलाल तेली, श्री रामलाल योगी, श्री कन्हैयालाल स्वर्णकार, श्री गोविंद राठी, इत्यादि मौजूदा विधायक की उम्मीदवारी का विरोध करके निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थन में खुलेआम प्रचार में उतर गए। भाजपा के मौजूदा सांसद श्री सुभाष बहेड़िया भी टेक्सटाइल कारोबारी हैं और वे पार्टी के निर्णय अनुसार भीलवाड़ा की सीट जिताकर भाजपा की झोली में डालने का दावा ठोक रहे थे। कांग्रेसी खेमे का विश्वास इसलिए प्रबल था कि एक ही विचारधारा के दो प्रत्याशी भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। स्वाभाविक रूप से दोनों में मतों का विभाजन होगा और आराम से श्री ओम नाराणीवाल सीट निकाल लेंगे। माहेश्वरी समाज में भी नाराणीवाल की प्रतिष्ठा जबरदस्त होने से जीत की उम्मीद प्रबल बनी हुई थी।

लेकिन तमाम कयासों को धता बताकर श्री अशोक कोठारी जनता के समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर विधायक बन गए। अधिकांश बस्तियों तक जनसंपर्क के लिए तो पहुँचे, लेकिन किसी से भी वोट नहीं माँगा, किसी से माला-साफा-पगड़ी की औपचारिकता स्वीकार नहीं की। यहाँ तक कि कोई बहुत आग्रह से उत्तरीय गले में डाल देता, तो वे उसी के गले में वापस डाल देते और अंत तक सबसे यही अपील करते रहे कि आप स्वविवेक से मतदान कीजिए, मैं आपसे वोट माँगने नहीं, बल्कि आपसे मिलने आया हूँ। नैतिक मूल्यों से किसी परिस्थिति में कतई समझौता नहीं किया। साम-दाम-दंड-भेद की नीति से राजनीति करने और चुनाव लडने की शर्त को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया। अपने मुख से किसी प्रत्याशी की किसी भाषण में कभी कोई आलोचना या निंदा नहीं की। उनका तो कोई भाषण भी दो-तीन मिनट से अधिक नहीं हुआ। उन्होंने हमेशा यही कहा कि वर्तमान राजनीति की आवश्यकता कुछ भी हो तथा परिणाम कुछ भी रहे, पर चुनाव के बावजूद वे सत्यनिष्ठा और शुचिता के मार्ग से एक कदम भी बाहर नहीं रखेंगे। विरोधियों की उनके ऊपर की जाने वाली टिप्पणियों का भी जनता पर कोई असर नहीं दिखा। अपने सिद्धांतों से जीवन में किसी लालच के लिए किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करने वाले श्री अशोक कोठारी ने चुनाव में अपने ही कार्यकर्ताओं की जोड़-जुगाड़ वाली अटकलों का सहारा न लेकर ऐसी किसी भी सलाह को चुनाव के दौरान कोई तवज्जो नहीं दी। फिर भी कोई उनसे नाराज नहीं हुआ। शहर के कलाधर्मी, सामाजिक संस्थाओं के अग्रणी पुरोधा और उद्योगपति श्री टी सी छाबड़ा सहित उद्योग क्षेत्र का भी उल्लेखनीय समर्थन श्री अशोक कोठारी को मिला। व्यापार क्षेत्र के लोग अपने-अपने कौशल से श्री कोठारी के समर्थन में स्वतः जुट गए। हर कार्यकर्ता दो नवंबर से स्वयं को अशोक कोठारी मानकर 25 नवंबर को मतदान होने तक अपने काम में लगा रहा। तीन नवंबर को चुनाव का परिणाम आया तो श्री अशोक कोठारी लगभग 11000 मतों से विजयी घोषित किए गए।

कभी जनसंघ के पुरोधा श्री दीनदयाल जी उपाध्याय ने लोकमत-परिष्कार विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा था कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जनता दलगत राजनीति और जातिवाद से ऊपर उठकर यदि अच्छे उम्मीदवारों को वोट देकर नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपेगी तो राजनैतिक दल भी अच्छे लोगों को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित करेंगे। भीलवाड़ा ने इस चुनाव में उसी पावन विचार को साकार कर दिया है। यद्यपि भाजपा को अपने उम्मीदवार पर जीत का भरोसा था और इतने मुखर विरोध की पार्टी को शंका नहीं थी। किसी ने यह भी सोचा नहीं था कि विरोध के चलते श्री अशोक कोठारी जैसे बड़े सामाजिक कद और प्रतिष्ठा के धनी व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए तैयार कर लिया जाएगा। लेकिन ऐसा लगा कि मानो नियति को यही मंजूर था।

अब भीलवाड़ा उनसे उम्मीद करेगा कि नई सरकार में विकास की नई राह प्रशस्त होकर एक नई इबारत उनके कार्यकाल में लिखी जावे। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के चाहने पर उन्होंने अपना समर्थन भी अपनी सनातन विचारधारा के चलते नवगठित सरकार को सहर्ष प्रदान कर दिया है। उनकी उदार और निष्कलंक छवि के कारण जनता का सहयोग भी पूरे कार्यकाल में भरपूर रहेगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है। टेक्सटाइल जगत को भी प्रकाश की नई किरण नजर आ रही है।






## सम्पादकीय....

# चुनाव के नतीजों में नजर आया नेतृत्व का असर

**तीन** राज्यों में भाजपा की जीत अनायास नहीं है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा के मजबूत संगठन, बेहतर चुनावी प्रबंधन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा काम कर गया। भाजपा ने मध्य प्रदेश में प्रतिष्ठान विरोधी कारक को मात दी। वहीं कांग्रेस से उसके प्रमुख राज्य राजस्थान के साथ ही छत्तीसगढ़ को भी छीन लिया। कांग्रेस ने भले ही भाजपा के दक्षिण में प्रवेश का एक और प्रयास तेलंगाना में विफल कर दिया। लेकिन इसके साथ राजस्थान व छत्तीसगढ़ गंवाने का सौदा फायदे का तो नहीं लगता। इन नतीजों का असर 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं पर निश्चित ही पड़ेगा। इन चुनावों में कांग्रेस तेलंगाना में एक मजबूत क्षेत्रीय पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराने में तो सफल रही, लेकिन कुल मिलाकर भाजपा के आगे कमजोर साबित हुई। मध्य प्रदेश में कांग्रेस प्रतिष्ठान विरोधी नाराजगी का लाभ उठाना तो दूर, भाजपा की झोली में तूफानी जीत डाल गई। दिग्गज नेताओं की गुटबाजी में भाजपा को मौका हाथ लग गया। राजस्थान में जमकर विज्ञापनबाजी, योजनाओं और तोहफों की झड़ी लगाने के बावजूद मतदाताओं का विश्वास अशोक गहलोत नहीं जीत पाए। महज विज्ञापनबाजी से चुनाव नहीं जीते जा सकते। नेतृत्व की विश्वसनीयता भी होनी चाहिए। गहलोत वहां सचिन पायलट से खींचतान की खाई नहीं पाट सके। चुनावी मैदान में डटे कार्यकर्ताओं के साथ ही मतदाताओं में इसका जो भी संदेश गया, वह नतीजों में साफ दिख गया। राजस्थान के विपरीत मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाडली बहना जैसी योजनाओं को लेकर मतदाताओं में विश्वास पैदा कर गए। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अपना चेहरा नहीं बनाया, लेकिन वे जीत के शिल्पकार साबित हुए। जीत के बाद चौहान ने श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। मत फीसद के लिहाज से कांग्रेस को खास नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ओबीसी, आदिवासी व कुछ अन्य मत आखिरी दौर में भाजपा की ओर मुड़ गए और सीटों के स्तर पर गणित बदल गया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान- उत्तर भारत के इन तीनों अहम राज्यों में कांग्रेस के नेता अपनी खुमारी में डूबे रहे और भाजपा उनकी नाक के नीचे से फेरबदल करा ले गई। कांग्रेस को मिली हार के सबक सामने हैं।

कांग्रेस ने इन चुनावों से पहले जाति जनगणना का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और यहां तक कि ओबीसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज्य छत्तीसगढ़ तक में यह दांव नहीं चल सका। राहुल गांधी ने 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा दिया और कांग्रेस पार्टी ने जाति सर्वेक्षण करवाने की गारंटी दी। उत्तर भारत में जाति कड़वी सच्चाई है। राजनीति में जाति की जकड़ तो बहुत मजबूत है। लेकिन चुनाव नतीजों ने बता दिया कि जनता जाति नहीं देखती है जब मोदी का चेहरा नजरों के सामने हो। इन चुनावों के दम पर कांग्रेस विपक्षी गठबंधन में भी अपना सिक्का जमाना चाहती थी। वह साबित करना चाहती थी कि अगर भाजपा का मुकाबला करना है तो वह कांग्रेस ही कर सकती है और कांग्रेस की मदद से ही भाजपा को 2024 में हराया जा सकता है। अब कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी, विपक्षी इंडिया गठबंधन में उन दलों को सहेजना जिनसे उसने इन चुनावों में दूरी बनाई थी। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और राजस्थान में अशोक गहलोत ही एक तरह से कांग्रेस नेतृत्व बनकर सामने थे। ऐसा लगा नहीं कि राष्ट्रीय स्तर की एक पार्टी चुनाव में उतरी है। इसके उलट भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेहरा बनाकर तीनों राज्यों में पेश किया। यह बड़ा दांव था, जो चल गया।

## कुछ नया, कुछ अलग •

# सर्दियों का सौम्य रूप !



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

सर्दियों का मौसम आ गया है। गुलाबी ठंड की लहर अपनी बाहें फैलाने लगी है। मौसम में एक अजीब-सी सुंदरता आ गयी है, कोई भी दूसरा मौसम सर्दियों की तरह शांति और भव्यता का सार नहीं दर्शाता है। दुनिया के कुछ हिस्से अपने प्राचीन सफेद परिदृश्यों, हिम से लिपटे पेड़ों और आकाश से धीरे-धीरे गिरने वाले बर्फ के टुकड़ों की नरम चमक के साथ एक जादुई वंडरलैंड में बदल जाते है। यह एक ऐसा समय है जब प्रकृति रुक जाती है, मानो शांति की बाहों में अपनी सांस ले रही हो, हमें उसके शांत आलिंगन में डूबने के लिए आमंत्रित कर रही हो।

जैसे ही मैं खिड़की से बाहर देखता हूं, मानो सर्दियों की हवा में बर्फ के टुकड़ों की सुरीली आवाज को खूबसूरती से नाचते हुए देखता हूं, मेरा मन दूसरी दुनिया में चला जाता है। यह ठंड के रंगों में रंगी हुई दुनिया है और प्रत्येक बर्फ का टुकड़ा एक रहस्य फुसफुसाता है जो केवल सुनने वालों को ही पता होता है। इस शांति में, श्रद्धा की भावना है, एक पवित्रता है जो हमारे चिंतन की मांग करती है।

सर्दियों के मौसम में, जब दिन छोटे होते हैं और रातें लंबी होती हैं, तो हम खुद को अंदर की ओर खींचा हुआ पाते हैं। यह आत्मनिरीक्षण, गहन चिंतन और मनन का समय है। जैसे-जैसे प्रकृति सुषुप्तावस्था में चली जाती है, हमें भी अपना ध्यान अंदर की ओर लगाने, अपने आंतरिक प्रकाश की लौ को पोषित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। सर्दियों की शांति केवल बाहरी नहीं है, बल्कि यह हमारी आत्मा की गहराइयों में बसती है। शांति के इस मौसम में हम अपने विचारों और भावनाओं की भूलभुलैया का पता लगा सकते हैं, अपने अस्तित्व के अज्ञात क्षेत्रों में नेविगेट कर सकते हैं। सर्दियों में खड़े एक पेड़ की तरह, अपने हरे-भरे लबादे को उतारकर, हम निर्वस्त्र हो जाते हैं, जो हमारी आशाओं और भय, सपनों और इच्छाओं की जटिल बोझ को उतार फैकते है।

शांति के इस कैनवास में, सर्दियों का वैभव उभरता है -सूक्ष्म और उदात्त। यह ठंड से चूमे हुए गुलाब की सुंदरता है, नाजुक और फिर भी लचीला। यह ताजा गिरी हुई बर्फ पर चांदनी की अलौकिक चमक है, जो चारो ओर चमक बिखेरती है। यह छाया और प्रकाश की परस्पर क्रिया है, जो हमें याद दिलाती है कि सबसे अंधेरे क्षणों में भी आशा की एक किरण मौजूद रहती है।

शीतकाल की शांति और वैभव ने अनगिनत कवियों और लेखकों की कलमों को प्रेरित किया है, उनके शब्दों ने हमारे दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। जैसे ही हम सर्दियों की शांति और भव्यता में डूब जाते हैं, आइए हम सब इस सर्दियों में आत्म-चिंतन के इस अनूठे अवसर का लाभ उठाएं। आइए हम शांति में सांत्वना खोजें और ठंढ के पावन परिदृश्यों से प्रेरणा लें। सर्दी हमें धीमी गति से चलने, क्षणभंगुर क्षणों का आनंद लेने और अपनी रचनात्मकता की आग जलाने के लिए प्रेरित करती है। हम आश्चर्य से भरी आँखों और खुले दिलों के साथ इस सर्दियों का आनंद ले। आइए हम शांति को अपनी आत्मा का पोषण करने दें और हमें वह शांति प्रदान करें जो हम चाहते हैं और सर्दियों की शांत सुंदरता में, हमें न केवल शांति मिले, बल्कि विकास और आत्म-खोज की नई यात्रा शुरू करने का साहस भी मिले।

**कुहरे की आकाश से , शाम हुई क्या बात।**
**सुबह-सुबह ही लूट ली, सूरज की बारात।।**
**ठिठुर-ठिठुर कर ठंड से, होती है बेहाल।**
**कौन लूट कर ले गया 'पश्मीना' की शाल ।।**
**पाँचों भाई-बहिन औ, पिल्ले-पिलिया चार।**
**सर्दी में लिपटे सहें ,कंगाली की मार।।**
**कुहरे, सरदी, धुंध के ,ऐसे-ऐसे दंड।**
**भिगो-भिगो कर हवा में , हाड़ तोड़ती ठंड।**
**आग सेंकने ज्यों गया, सूरज थानेदार।**
**कुहरे ने लूटा तभी, किरणों का बाज़ार।।**
**ठिठुर- ठिठुर कर ठंड से , रात पड़ी बेहाल।**
**भोंर चिढ़ाने आ गई, ओढ़ सुनहली शाल।।**
**देख हाँकते चाँद को, तारों वाले ढोर।**
**सरदी में शैतान -सी ,मिली चिढ़ाती भोंर।।**

**सारे मारे जाएँगे, झीलों के जलजात।**
**चला रही है बरछियाँ, शीत-लहर दिन-रात।।**
**कुहरे की रस्सी कसी, सिर पर सरद कटार।**
**हवालात में बंद है, सूरज पहरेदार।**
**जीर्ण लँगोटी शीर्ण तन,कैसे सहता ठंड।**
**सुबह-सुबह ही मर गया ,निर्धन राम अखंड।।**

-डॉ.गंगाप्रसाद 'गुणशेखर'

**Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111**




श्री गोपाल लाल, श्री गोविन्द प्रसाद, श्री शिव कुमार सोडानी के पूजनीय पिताजी एवं श्री रघुनंदन, श्री जयप्रकाश, श्री लखन सोडानी के दादाजी

## स्व. श्री बंशीलाल जी सोडानी

(स्वर्गवासः 27-11-2023)

प्रतिष्ठान

सुखसागर सिन्थेटिक्स प्रा.लि., श्री राधे सिल्क मिल्स, सत्कार सिन्थेटिक्स प्रा.लि.

**(सत्कार ग्रुप) भीलवाड़ा**

श्रद्धावनत

**योगेन्द्र शर्मा (संपादक)**

एवं समस्त टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार (भीलवाड़ा)

# कड़ाके की ठंड से ऊनी बाजार रहा गरम

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

26 नवंबर से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोप के कारण बरसात के साथ ठण्डी हवाओं का दौर शुरू हो गयो। शहर में दो-तीन दिनों तक हल्की-हल्की बरसात होती रही। उसके पश्चात् आसमान में बादलों की वजह से धूप भी नही खिली और फिर ठण्डी हवाओं के चलने से ठीठुरन काफी बढ़ गयी। दीपावली से पूर्व शहर के सभी ऊनी-वस्त्र प्रतिष्ठानों पर ग्राहक नदारद थे। वहीं बरसात और मावठ के बाद से एकाएक हलचल बढ़ गयी। सबसे पॉपुलर ऊनी वस्त्र बाजार माने जाने वाला तिब्बतियन मार्केट में दिनभर ग्राहकों की रेलमपेल रहने लगी और विकेंड में तो इस मार्केट में ग्राहकी देखते ही बनती। शहर के अन्य ऊनी प्रतिष्ठानों और बाजारों में भी ऊनी वस्त्रों की मांग में तेजी देखी जा रही है। अन्य वस्त्रों की ब्रिकी में भी ईजाफा हुआ । जाानकारों की माने तो पन्द्रह दिसंबर तक विवाह के मुहूर्त है तब तक बाजार में ग्राहकी तेज रहेगी, उसके पश्चात् एक माह तक मलमास के कारण बाजार सुस्त रहेगा। वहीं आगामी दिनों में तापमान में गिरावट के साथ ही ऊनी वस्त्रों की मांग बढ़ सकती है।

# 'जुनून जीत का' नामक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े...** प्रत्येक व्यक्ति को सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता है। प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर श्री जयप्रकाश काबरा (मुंबई) ने कहा कि ऐसे सकारात्मक दृष्टिकोण से ही जीवन को समृद्ध बनाया जा सकता है। कोल्हापुर जिला माहेश्वरी सभा और जिला माहेश्वरी युवा संगठन की और से 'जुनून जीत का' नामक प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्त ा श्री काबरा बोल रहें थे।

इचलकरंजी के महेश क्लब में आयोजित कार्यक्रम में 225 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। श्री जयप्रकाश काबरा एक प्रभावशाली व्यक्ति त्व है जो अब तक कई व्याख्यान दे चुके हैं।

कोल्हापुर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष श्री नितिन धूत ने परिचय दिया। उन्होंने कहा, कई लोगों को श्री काबरा की आवाज से बड़ी प्रेरणा मिलती है और सफल उद्योग का मूल मंत्र उनसे मिलता है। इस सुअवसर पर कार्यकारिणी सूची का प्रकाशन श्री जयप्रकाश काबरा की अध्यक्षता एवं समिति सदस्य श्री अशोक मंत्री की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्री काबरा ने कहा, जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आते हैं। इस उतार-चढ़ाव के समय में हर किसी को अपने दिल में साहस पैदा करने की जरूरत है। अगर हममें साहस आ जाए तो हम किसी भी चीज पर आसानी से काबू पा सकते हैं। जीवन समृद्ध है लेकिन हमें इसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस सकारात्मक भूमिका से ही हमारे अंदर एक अलग ऊर्जा पैदा होती है और यही ऊर्जा हमें सफल बनाती है।जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष श्री नितिन धूत, महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष श्री विनीत तोषनीवाल, महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा के सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री मुकेश खाबानी, महाराष्ट्र प्रदेश तहसील महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती मंजू सोमानी, कोल्हापुर जिला माहेश्वरी युवा संघ अध्यक्ष श्री आनंद बांगड़, महेश नवयुवक मंडल अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर बांगड़ मुख्य रूप से उपस्थित थे।

परियोजना प्रमुख श्री रसिक आगीवाल, श्री ललित नारायण लोया और जिला सभा व जिला युवा संगठन के सभी सदस्यों के साथ-साथ परियोजना समिति के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की। कोल्हापुर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के सचिव श्री कृष्णकांत भूतड़ा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## रिटेल कारोबार में आए सुधार के बाद... पेज 1 का शेषांश

वैसे भी टेक्सटाइल कारोबार और उत्पादन गतिविधियाँ कमजोर रहने से कॉटन यार्न की मांग मंद है। कपड़ा मिलों द्वारा विंटर की तैयारी पूरी होने के बाद अब उनका ध्यान समर सीजन की तैयारियों पर है, जिसमें जोर कॉटन कपड़ों पर अधिक होता है। कपड़ों का आयात बढ़ा है, लेकिन मांग नहीं बढ़ी है।

भारतीय रूपया डॉलर के मुकाबले सस्ता है, इससे आयात की जा रही वस्तुएं महंगी पड़ रही है, फिर भी देश में कपड़ों के साथ अन्य वस्तुओं का आयात बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार कपड़ों का आयात चीन, वियतनाम, कम्बोडिया, इंडोनेशिया तथा कोरिया से बढ़ा है, जबकि गारमेंट का आयात बांग्लादेश और चीन से बढ़ा है। विडम्बना है कि डॉलर महँगा होने से निर्यातकों की कमाई बढ़ने के बाद भी देश से निर्यात कमजोर है। वैश्विक स्तर पर सप्लाई चैन का संकट नहीं है। विदेशी आयातकों का भारत की समयबद्ध डिलिवरी और माल की गुणवत्ता पर अटूट भरोसा है। लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होने के कारण निर्यात घटा है। भिवंडी में ग्रे कपड़ों का उत्पादन घटा है, कारीगरों के लौटने से अब 60 प्रतिशत लूमों पर उत्पादन होने लगा है। कॉटन यार्न में उछाल के बाद वीवर्स को ग्रे कपड़ों का पूरा भाव नहीं मिल रहा था इस कारण एक ओर कपड़ों का उत्पादन घटता जा रहा है, तो दूसरी ओर ग्रे कपड़ों का स्टॉक भी जमा हो रहा है। इतना ही नहीं भिवंडी में लूमों का अपग्रेडेशन भी धीमा है। आधुनिक लूमों पर बने कपड़ों की बिक्री में हलचल रहा करती है और ग्रे कपड़ों की गुणवत्ता अच्छी होने से कारोबार धीमा ही सही,लेकिन होता रहा है। सबसे अधिक समस्या सिंगल पेटी लूमों की है, जिनकी संख्या अब निरंतर कम होती जा रही हैं।

## कॉटन यार्न के भाव में प्रति किलो... पेज 14 का शेष

न तो वीवर्स को ग्रे कपडों का उचित भाव मिल रहा है, न हीं उतना उत्पादन हो रहा है, न आसानी से बिक रहा है, निर्यात कारोबार कमजोर है। एक के बाद एक फेस्टिव सीजन में कपड़ों का कारोबार घटा है। इस कारण अभी बाजार में पुराने फिनिश कपड़ों का स्टॉक अधिक है, जिससे वीविंग गतिविधियों पर असर दिखाई दे रहा है।

